**छत्तीसगढ़ शासन**
**वित्त विभाग**
**मंत्रालय**
**महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर**

**// आदेश //**

**नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 09/01/2025**

**कमांक 49 /586/2021/स्था/चार** :: छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग से छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा संवर्ग के पद पर पदोन्नति हेतु दिनांक 27.09.2021 को सम्पन्न विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में श्री विजय कुमार कौशल के वर्ष 2020 का गोपनीय प्रतिवेदन अप्राप्त होने पर परिभ्रमण में विचार करने का निर्णय लिया गया था। वर्ष 2020 का गोपनीय प्रतिवेदन प्राप्त होने के फलस्वरूप विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा श्री विजय कुमार कौशल को छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग से छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा संवर्ग के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाया गया है।

2/— अतः राज्य शासन एतद्द्वारा श्री विजय कुमार कौशल छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग (वर्तमान पदस्थापना— उप कोषालय अधिकारी, डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव) को छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा संवर्ग के पद पर कनिष्ठ श्रेणी वेतनमान (15600—39100 ग्रेड वेतन 5400) लेवल —12 में पदोन्नत करते हुए **लेखाधिकारी, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अतिरिक्त परियोजना कियान्वयन इकाई कोण्डागांव—3** के पद पर पदस्थ करता है।

3/— श्री कौशल द्वारा उक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से श्रीमती वंदना कश्यप, वरिष्ठ लेखाधिकारी, जिला पंचायत कोण्डागांव अतिरिक्त प्रभार (लेखाधिकारी, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अतिरिक्त परियोजना कियान्वयन इकाई कोण्डागांव—3) से मुक्त होगें ।

4/— श्री कौशल की उक्त पदोन्नति "कार्य नहीं वेतन नहीं No Work No Pay" के सिद्धांत पर काल्पनिक पदोन्नति होगी, किन्तु जितनी अवधि में उस पद का वास्तविक रूप से कार्य नहीं किया गया है, उस अवधि का वेतन अवशेष प्राप्त करने की पात्रता नहीं होगी। वास्तविक लाभ पदोन्नति पद पर कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से देय होगा।

5/— विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक दिनांक 27.09.2021 द्वारा की गई अनुशंसा के आधार पर विभागीय आदेश कमांक—1195/586/2021/स्था./चार, दिनांक 10.12.2021 द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा संवर्ग पद पर पदोन्नत अधिकारी श्रीमती दीपा सिंह ठाकुर के नीचे एवं श्रीमती माधुरी स्नेही भगत के ऊपर श्री विजय कुमार कौशल का वरिष्ठता का निर्धारण किया जावेगा।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार

9/1/2025
(शांता खरे)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग

पृ. क्रमांक 50 /586/2021/स्था/चार नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 09/01/2025

प्रतिलिपिः—

1. माननीय राज्यपाल के सचिव, राजभवन सचिवालय, रायपुर,
2. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, मुख्यमंत्री सचिवालय/ वित्त विभाग/पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन,नवा रायपुर अटल नगर
3. उप सचिव, छत्तीसगढ शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
4. महालेखाकार, छत्तीसगढ़ रायपुर,
5. विकास आयुक्त, विकास आयुक्त कार्यालय, नवा रायपुर अटल नगर,
6. संचालक, कोष एवं लेखा इंन्द्रावती भवन/वित्तीय प्रबंधन एवं सूचना प्रणाली, नवा रायपुर अटल नगर,
7. कलेक्टर, जिला राजनांदगांव/ कलेक्टर, जिला कोण्डागांव
8. संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, दुर्ग/संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन जगदलपुर, जिला—बस्तर
9. जिला कोषालय अधिकारी, राजनांदगांव/ जिला कोषालय अधिकारी कोण्डागांव
10. **श्रीमती वंदना कश्यप,** वरिष्ठ लेखाधिकारी, जिला पंचायत, कोण्डागांव
11. **श्री विजय कुमार कौशल** उप कोषालय अधिकारी, डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव
12. आदेश फोल्डर

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

9/1/2025

अवर सचिव

छत्तीसगढ़ शासन

वित्त विभाग